जिलाधिकारी, सारण द्वारा दिनांक 03.01.2025 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के ''प्रगति यात्रा'' के दौरान सारण जिले में किये जाने वाले परिभ्रमण स्थलों के संबंध में की गयी समीक्षात्मक बैठक के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये निदेश :-

| क्र0 | परिभ्रमण स्थल का नाम | भ्रमण किये जानेवाले स्थल | दिये गये निदेश | अनुपालन करने वाले पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महमदा, एकमा, तथा जयप्रकाश विश्वविद्यालय | तीनों स्थलों पर अवस्थित दो-दो हैलिपैड | सभी छः हैलिपैड का निर्माण कार्य दिनांक 04.01.25 की संध्या तक निश्चित रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। महमदा अवस्थित दोनों हैलिपैड पर विशेष ध्यान देते हुए उसका पूर्ण रूप से समतलीकरण कराना तथा हैलिपैड धंसने न पाये, इसे सुनिश्चित करेंगे। सभी हैलिपैड स्थलों के आसपास डबल लेयर की बैरिकेडिंग तथा पहुँच पथ तक समतलीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, छपरा |
| | | | तीनों हैलिपैड स्थलों पर एक-एक पानी का टैंकर उपलब्ध रखना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही महमदा हैलिपैड स्थल से महमदा ग्राम तक माननीय के कार्यक्रम के एक घंटा पूर्व पहुँच पथ पर पानी का छिड़काव कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि धूल न उड़ने पाये। | कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा<br>प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गड़खा/सदर/एकमा |
| | | | हैलिपैड स्थलों पर माननीय से मिलने हेतु आनेवाले जनप्रतिनिधियों हेतु हैलिपैड स्थल के आसपास समुचित स्थल का चयन कर बैरिकेडिंग से पहले उन्हें खड़ा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उक्त स्थल पर बैरिकेडिंग पर सफेद कपड़ा लगाकर उसे सुसज्जित करना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल<br>प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सदर/गड़खा/एकमा |
| | | | अपर समाहर्त्ता [redacted] जिलाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर दिनांक 06.01.2024 तक हैलिपैड स्थल पर मिलने वाले जनप्रतिनिधियों की सूची नाम सहित प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। | अपर समाहर्त्ता, सारण |
| | | | दिनांक 07.01.2024 से महमदा ग्राम आने जाने वालों लोगों पर पूर्ण रूप से निगरानी रखना सुनिश्चित करेंगे। | अनु0 पदा0, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | संयुक्त आदेश में सभी परिभ्रमण स्थलों का डायग्राम दिशा सहित बनाते हुए सभी स्थलों का क्रमांक संख्या अंकित करना सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुँचने में कोई परेशानी उत्पन्न न होने पाये। | विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय |
| | | | हैलिपैड स्थल के आसपास दो बैरिकेडिंग के बीच निर्धारित स्थल पर मिलने हेतु सिर्फ माननीय सांसद, माननीय विधायक तथा जिलाध्यक्ष ही मौजूद रहेंगे, इसे सुनिश्चित किया जाय। साथ ही हैलिपैड स्थलों के आसपास अवस्थित सभी भवनों के छत पर प्रतिनियुक्ति हेतु छत पर जानेवाले मार्ग की समीक्षा पूर्व से कर लेना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर |
| | | | हैलिपैड से पहुँच पथ तक पूर्ण रूप से मजबूतीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे तथा उक्त पथ पर कारपेट लगाना सुनिश्चित करेंगे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हैलिपैड स्थल पर एक व्यक्ति की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे ताकि उक्त व्यक्ति हैलिकॉप्टर उतरने के पश्चात् कारपेट को पहुँच पथ पर बिछा सके। | कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल<br>प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गड़खा/एकमा |
| | | | सभी हैलिपैड स्थलों एवं परिभ्रमण स्थलों के आसपास होर्डिंग्स/बैनर लगाने का पर्यवेक्षण उप विकास आयुक्त करेंगे। जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी को निदेश है कि वे उप विकास आयुक्त से अनुमति प्राप्त कर ही चयनित स्थलों पर होर्डिंग्स/बैनर आदि लगाना सुनिश्चित करेंगे। | उप विकास आयुक्त<br><br>जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सारण |
| | | | सभी हैलिपैड स्थलों तथा सभी कार्यक्रम स्थलों के आसपास विधि व्यवस्था संधारण के परिप्रेक्ष्य में लोगों का झुंड एक साथ इकट्ठा न होने पाये, इसे Ensure करना सुनिश्चित करेंगे। | अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय<br>अनु० पदा०, सदर<br>अनु०पु० पदाधिकारी, सदर/एकमा<br>प्र० वि० पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी, सदर/गड़खा/एकमा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | महमंदा, प्रखण्ड– गड़खा | हैलिपैड पहुँच पथ से महमदा ग्राम जाने वाला पथ | पहुँच पथ से महमदा ग्राम जाने वाले पथ तथा पथ के दोनों किनारों तथा Flank को दिनांक 05.01.24 की संध्या तक पूर्ण रूप से समतलीकरण एवं पूर्ण रूप से साफ–सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, छपरा–1 |
| | | | संदर्भित पथांश पर पूर्ण रूप से बैरिकेडिंग का कार्य तथा चयनित स्थलों पर ड्रॉप गेट का निर्माण दिनांक 06.01.24 की संध्या तक कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल |
| | | | महमदा ग्राम पहुँचने हेतु महमदा ग्राम पहुँचने से पूर्व दो पथ जहाँ मिलते हैं, उससे आगे कोई भी निजी होर्डिंग्स/बैनर आदि नहीं लगेंगे। उक्त पथ मार्ग में सिर्फ सरकारी योजनाओं के ही होर्डिंग्स/बैनर लगेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सारण |
| | | | उक्त पथांश में नल–जल योजना, पानी टंकी तथा सोलर लाईट पूर्ण रूप से दृश्यमान (Visible) रखेंगे। | जिला पंचायती राज पदाधिकारी<br>कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल |
| | | | उक्त पथांश के संपूर्ण पथ के दोनों किनारे रखे ईट/पत्थर आदि को पूर्ण रूप से हटवाना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गड़खा/जलालपुर |
| | | | उक्त पथांश पर दिनांक 07.01.2024 के पूर्वाह्न से आमजनों का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित रखना सुनिश्चित करेंगे। आमजनों हेतु एक अन्य मार्ग जो महमदा ग्राम को जाता है, उस मार्ग का केवल उपयोग करेंगे। साथ ही उक्त पथांश के तहत दो पथ जहाँ मिलते हैं, उक्त स्थल पर तथा उससे पूर्व सुयोग्य दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर<br>पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, सारण<br>विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय |
| | | | हैलिपैड पहुँच पथ से महमदा ग्राम तक जाने वाले पथ तथा कार्यक्रम स्थल के आसपास अवस्थित सभी भवनों, दुकानों को चिन्हित् करते हुए संबंधित लोगों का नाम एवं मोबाईल | अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | नं0 संधारित करना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी के पास शस्त्र का लाइसेंस हो तो आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करेंगे। | पदाधिकारी, सदर |
| | | महमदा ग्राम (कार्यक्रम स्थल) | महमदा ग्राम के आसपास समुचित स्थल पर वाहन पार्किंग स्थल चिन्हित् करते हुए वहाँ पोस्टर/फ्लैक्स आदि लगाकर (पार्किंग स्थल) प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आमजनों को आवेदन देने हेतु भी स्थल का चयन करना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गड़खा |
| | | | माननीय के परिभ्रमण की समाप्ति तक विद्यालय के समीप कारकेड लगा रहेगा, इसे कारकेड प्रभारी से समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करायेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>पुलिस उपाधीक्षक, यातायात |
| | | | विद्यालय से आगे जो दोनों दिशाओं में दो पथ हैं, दोनों तरफ पूर्ण रूप से बैरिकेडिंग तथा ड्रॉप गेट का निर्माण दिनांक 07.01.24 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर<br>कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल |
| | | | भीड़ नियंत्रण हेतु आमजनों की भीड़ में जन वितरण प्रणाली विक्रेता, विकास मित्र, आवास सहायक तथा अन्य पर्यवेक्षी कर्मियों के स्तर के 20-25 लोगों को निश्चित रूप से रखना सुनिश्चित करेंगे। | उप विकास आयुक्त<br>निदेशक, जिला ग्रामीण वि0 अभि0<br>अनु0 पदा0, सदर<br>जिला आपूर्त्ति पदा0<br>जिला कल्याण पदा0 |
| | | | कार्यक्रम स्थल पर लगनेवाले स्टॉल से संबंधित पूर्ण जानकारी सभी संबंधित विभाग एक पेज पर विवरण अंकित कर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। | सभी संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधान |
| | | | ऑगनबाड़ी केन्द्र पर नामांकित बच्चों को पूर्ण रूप से अपने परिधान में रखते हुए केन्द्र तथा कीचेन गार्डेन/पोषण वाटिका को पूर्ण रूप से सुसज्जित कराना सुनिश्चित करें। | जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस |
| | | | विद्यालय परिसर में जीविका संवाद कार्यक्रम हेतु 50 सुयोग्य जीविका दीदीयों को उपलब्ध रखना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मंच के पीछे कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर/बैनर लगाना सुनिश्चित करेंगे। | जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | विद्यालय परिसर के अंदर माननीय हेतु स्थायी शौचालय के साथ-साथ वरीय पदाधिकारियों हेतु 2-3 अतिरिक्त शौचालय का निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल |
| | | | संवाद कार्यक्रम तथा मुख्यालय से आये वरीय पदाधिकारियों हेतु उक्त स्थल पर सोफा आदि लगाकर बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ कैटरिंग चाय/कॉफी/गरम पानी/स्नैक की व्यवस्था दो वेटर के साथ कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उक्त स्थल पर जलपान व्यवस्था के पर्यवेक्षण हेतु एक पर्यवेक्षी पदाधिकारी तथा दो लिपिक की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। संदर्भित कार्य दिनांक 06.01.24 तक निश्चित रूप से पूर्ण करते हुए अधोहस्ताक्षरी को संसूचित करेंगे। | प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा<br>सहायक प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा |
| | | | उक्त कार्यक्रम स्थल पर दो अलग-अलग PA System स्थापित रहेंगे। एक सिस्टम विद्यालय के अंदर जीविका संवाद कार्यक्रम हेतु तथा एक सिस्टम विद्यालय के बाहर विधि व्यवस्था संधारण हेतु रखना सुनिश्चित करेंगे। यह ध्यान रखेंगे कि विद्यालय के अंदर वाले सिस्टम की ध्वनि विद्यालय के बाहर नहीं जाने पाये तथा बाहर रखने वाले सिस्टम की ध्वनि विद्यालय के अंदर नहीं आने पाये। | प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा<br>सहायक प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा |
| | | विधि व्यवस्था संधारण | दिनांक 05.01.24 तक निश्चित रूप से परिभ्रमण से संबंधित संयुक्त आदेश निर्गत कर सभी संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर उनकी प्रतिनियुक्ति स्थल के संबंध में सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरान्त अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर तथा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर/एकमा दिनांक 06.01.24 को प्रतिनियुक्ति स्थल पर ही दण्डाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति दर्ज कराकर आवश्यक | अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर/एकमा<br>विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | ब्रीफिंग करना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरान्त दिनांक 07.01.24 को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दण्डाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की जायेगी। | |
| 3. | एकमा प्रखण्ड | हैलिपैड स्थल | हैलिपैड स्थल के आसपास माननीय हेतु सेफ हाऊस का निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल प्र0वि0पदा0, एकमा |
| | | | हैलिपैड स्थल से कार्यक्रम स्थल एकमा चट्टी तक तथा एकमा बाजार की पूर्ण साफ–सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, एकमा प्र0वि0 पदा0, एकमा |
| | | एकमा चट्टी | एकमा चट्टी पर दुकानों/दुकानदारों को व्यवस्थित रखना सुनिश्चित करेंगे तथा प्रत्येक दुकानों के पास एक–एक विकास मित्र, पंचायत रोजगार सेवक, तथा अन्य पर्यवेक्षी कर्मियों के स्तर के लोगों को भीड़ नियंत्रित करने हेतु उपलब्ध रखना सुनिश्चित करेंगे। | उप विकास आयुक्त जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर |
| | | | माननीय हेतु एकमा प्रखण्ड कार्यालय प्रकोष्ठ एक सेफ हाऊस के रूप में कार्यरत रहेगा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अपने प्रखण्ड कार्यालय भवन का पूर्ण रूप से रंग–रोगन तथा पूर्ण परिसर एवं एकमा चट्टी से प्रखण्ड कार्यालय, एकमा के पहुँच पथ की पूर्ण रूप से साफ–सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, एकमा |
| 4. | जय प्रकाश विश्वविद्यालय | हैलिपैड स्थल से मेडिकल कॉलेज तक | हैलिपैड स्थल से मेडिकल कॉलेज जाने वाले पथ की आवश्यक मरम्मति कराकर पूर्ण रूप से साफ–सफाई कराते हुए Flank को मजबूत कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक अभियन्ता, पथ प्रमण्डल, छपरा |
| | | | संदर्भित पथांश के तहत मेडिकल कॉलेज के दक्षिण–पश्चिम पथ के कोने पर अवस्थित रेलवे अण्डरपास पर सुयोग्य दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अभी से लेकर दिनांक 08.01.2024 तक उक्त अण्डरपास से ट्रैक्टर आदि चारपहिया वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बंद कराना सुनिश्चित करेंगे। | अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | जयप्रकाश विश्वविद्यालय से समन्वय स्थापित कर वहाँ कार्यरत कर्मियों की पहचान कर नाम सहित सूची अपने पास उपलब्ध रखना सुनिश्चित करेंगे। | जिला पंचायती राज पदाधिकारी<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर |
| 5. | छपरा मेडिकल कॉलेज | छपरा मेडिकल कॉलेज परिसर | शिलान्यास/उद्घाटन हेतु निर्मित शिलापट्टों को स्थापित करने हेतु समुचित स्थल का चयन करना सुनिश्चित करेंगे। | जिला योजना पदाधिकारी |
| | | | छपरा मेडिकल कॉलेज के बगल में अवस्थित इंजिनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य तथा छात्रों से दिनांक 06.01.24 तक समन्वय स्थापित कर उनकी यदि कोई मांग हो तो उसे सूचीबद्ध करते हुए अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि कार्यक्रम तिथि के दिन संदर्भित स्थल के आसपास अनावश्यक रूप से भीड़ न लगने पाये। | जिला बंदोबस्त पदाधिकारी<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर |
| | | छपरा मेडिकल कॉलेज से छपरा बाइपास फोरलेन तक का मार्ग | छपरा मेडिकल कॉलेज से छपरा बाईपास फोरलेन तक अवस्थित संपूर्ण पथ का मरम्मतिकरण, समतलीकरण तथा Flank आदि का कार्य दिनांक 06.01.24 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। संदर्भित पथांश के ऊपर विभिन्न स्थलों पर अवस्थित पेड़ की टहनियों, बाँस आदि को पूर्ण रूप से हटवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि जैमर वाहन को उक्त पथ से गुजरने में कोई परेशानी उत्पन्न न हो। | कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, छपरा-1 |
| | | | संदर्भित पथांश के तहत अनुमण्डल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर आबादी वाले स्थलों के आसपास बैरिकेडिंग का कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल |
| 6. | बिशेन टोला | बिशेन टोला (बिशुनपुरा पुल का प्रारंभिक स्थल, पथ के किनारे) | उक्त स्थल पर नक्शा दिखाये जाने के मद्देनजर संदर्भित स्थल के आसपास पूर्ण रूप से साफ-सफाई तथा पथ का मरम्मतिकरण तथा सतहीकरण दिनांक 06.01.24 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। | परियोजना निदेशक, NHAI, छपरा इकाई<br>कार्यपालक अभियन्ता, पथ प्रमण्डल, छपरा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | दिखाये जाने वाले नक्शा में एलिवेटेड रोड, रिविलगंज–बिशुनपुरा पथ निर्माण, फोर लेन से सिक्स लेन पथ निर्माण, खैरा–बिनटोलिया पथ चौड़ीकरण आदि का पूर्ण विवरण उसके लाभ के साथ अंकित कराना सुनिश्चित करेंगे। | परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, छपरा इकाई<br>कार्यपालक अभियन्ता, पथ प्रमण्डल, छपरा |
| | | | उक्त स्थल पर आवश्यकतानुसार ठोस डबल लेयर में बैरिकेडिंग का निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे। अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर स्थिति का आकलन कर संदर्भित कार्य करायेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, छपरा |
| | | | उक्त स्थल के आसपास अवस्थित सभी घरों को चिन्हित् करते हुए लोगों की सूची नाम सहित संधारित रखना सुनिश्चित करेंगे। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस पदधिकारी, सदर |
| | | बिशेन टोला से महमदा होते मेथवलिया | बिशेन टोला से महमदा होते हुए मेथवलिया तक संपूर्ण पथ की पूर्ण रूप से मरम्मति एवं समतलीकरण का कार्य दिनांक 06.01.24 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। | परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, छपरा इकाई |
| 7. | छपरा परिसदन | भोजन आदि की व्यवस्था | छपरा परिसदन में चाय/नाश्ता हेतु एक कैटरर, भोजन हेतु एक कैटरर, माननीय मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लगे पदाधिकारियों/पुलिस बलों हेतु एक कैटरर, जिला स्तरीय पदाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों/ माननीय जनप्रतिनिधिगण के अंगरक्षकों/चालकों हेतु एक कैटरर तथा समीक्षा बैठक हेतु निर्धारित स्थल समाहरणालय सभागार के पास एक कैटरर कुल 05 अलग–अलग कैटरर निर्धारित कर दिनांक 05.01.24 तक निश्चित रूप से कायदेश निर्गत करते हुए निर्धारित तिथि को भोजन/जलपान की ठोस व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे। | नगर आयुक्त, छपरा नगर निगम<br>प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा<br>सहायक प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा |
| | | जेनरेटर की व्यवस्था | 40 KVA के दो जेनरेटरों को छपरा परिसदन के पूर्ण परिसर में विद्युत खपत के अनुसार दिनांक 06.01.24 तक अलग–अलग बांटते हुए नियमित रूप से विद्युत का संचालन निर्बाध गति से जारी रखना सुनिश्चित करेंगे। | प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा<br>सहायक प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा<br>कार्यपालक अभियन्ता, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत आपूर्त्ति प्रमण्डल, छपरा पश्चिमी परिसदन के पूर्ण परिसर का विद्युत लोड की जाँच कर प्रतिवेदन प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा को कल ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। | विद्युत आपूर्त्ति प्रमण्डल, छपरा पश्चिमी |
| | | आवासन की व्यवस्था | माननीय मुख्यमंत्री, बिहार तथा उनके स्टॉफ, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री, बिहार, विकास आयुक्त तथा मुख्यमंत्री सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों हेतु नये भवन में कमरा आरक्षित करना तथा अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों हेतु पुराने भवन में कमरा आरक्षित रखना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अन्य अपर मुख्य सचिव स्तर के पदाधिकारियों हेतु अच्छे होटलों में कमरा आरक्षित रखना सुनिश्चित करेंगे। | प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा<br>सहायक प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा |
| 8. | सारण समाहरणालय | छपरा परिसदन से समाहरणालय तक | संदर्भित पथांश पर यातायात व्यवस्था को पूर्ण रूप से नियंत्रित रखना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न स्थलों पर कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल के माध्यम से बैरिकेडिंग तथा ड्रॉप गेट का निर्माण कर यातायात को नियंत्रि रखना सुनिश्चित करेंगे। | अनु0 पदा0, सदर<br>पुलिस उपाधीक्षक, यातायात<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर<br>कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल |
| | | समाहरणालय परिसर | समाहरणालय परिसर अवस्थित सभी भवनों का पूर्ण रंग-रोगन, साफ-सफाई का कार्य दिनांक 05.01.24 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल |
| | | | परिसर के अंदर दृश्यमान स्थलों पर सरकारी योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स/बैनर आदि दिनांक 07.01.24 तक लगाना सुनिश्चित करेंगे। | जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सारण |
| | | | वाहन पार्किंग हेतु स्थल का चयन करना सुनिश्चित करेंगे। समाहरणालय सभागार के आसपास केवल कारकेड के वाहन रहेंगे तथा अन्य पदाधिकारियों के वाहन निबंधन कार्यालय/नजारत के तरफ लगाये जायेंगे। कारकेड को छोड़कर सभी वाहनों का प्रवेश पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास अवस्थित प्रवेश द्वार | अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>पुलिस उपाधीक्षक, यातायात<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | तथा निबंधन कार्यालय के पास अवस्थित प्रवेश द्वार से कराया जायेगा। | |
| | | समाहरणालय सभागार से जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर अवस्थित हैलिपैड | समाहरणालय सभागार से जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर अवस्थित हैलिपैड तक संपूर्ण पथ पर पूर्ण रूप से यातायात को नियंत्रित रखना सुनिश्चित करेंगे। | अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>पुलिस उपाधीक्षक, यातायात<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर |
| | | पायलट हेतु व्यवस्था | पायलट हेतु अच्छे भोजन की व्यवस्था तथा जयप्रकाश विश्वविद्यालय के ही एक कमरे में आवासन की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे। | जिला पंचायती राज पदाधिकारी<br>प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा<br>सहायक प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा |
| 9. | अन्यान्य | बैरिकेडिंग/ड्रॉप गेट | सभी परिभ्रमण स्थलों तथा रूट मार्ग पर बल्ला लगाकर ठोस बैरिकेडिंग का कार्य तथा उच्च गुणवत्ता के ड्रॉप गेट का निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल |
| | | सीसीटीवी कैमरा | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर सभी कार्यक्रम स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि पूर्ण रूप से निगरानी रखी जा सके। साथ ही एकमा अवस्थित कार्यक्रम स्थल पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वीडियोग्राफी की व्यवस्था रखना सुनिश्चित करेंगे | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सदर/गड़खा/एकमा |
| | | एकमा रेलवे स्टेशन | एकमा रेलवे स्टेशन अवस्थित स्टेशन के PA System के पास दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे ताकि सरकारी कर्मी को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसे उपयोग में नहीं लाया जा सके। | अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर<br>अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, एकमा<br>विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय |
| | | महमदा पहुँच पथ | महमदा जाने वाले पथ पर अब से लेकर दिनांक 08.01.24 तक किसी एर्जेसी द्वारा बालू/गिट्टी न गिराया जाय, इसे सुनिश्चित करेंगे। | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गड़खा<br>अंचलाधिकारी, गड़खा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | मीडिया के पत्रकार | सभी प्रकार की मीडिया के सुयोग्य पत्रकारों को महमदा, एकमा तथा मेडिकल कॉलेज हेतु पास निर्गत करते हुए सभी स्थलों पर उनका स्थान चिन्हित् कराना सुनिश्चित करेंगे। | जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सारण |
| | | पौधारोपण | छपरा मेडिकल कॉलेज के आसपास चयनित स्थलों पर वृक्षारोपण/पौधारोपण का कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। | उप विकास आयुक्त बन्दोबस्त पदाधिकारी, सारण |

3/1/25

जिलाधिकारी,
सारण, छपरा।

ज्ञापांक 127 /सी0, दिनांक 04/01/2025

प्रतिलिपिः पुलिस अधीक्षक, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रगति यात्रा के तैयारी हेतु विभिन्न कार्यक्रम स्थलों पर इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक- 10014/सी0, दिनांक 29.12.2024 द्वारा सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अविलम्ब अक्षरशः अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी संबंधित अनुपालन करने पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अविलम्ब अक्षरशः अनुपालनार्थ प्रेषित।

3/1/25

जिलाधिकारी,
सारण, छपरा।